भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या *90**

उत्तर देने की तारीख 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

# भारतीय खेलों में डोपिंग की रोकथाम

***90. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय खेलों में, विशेषकर उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण केंद्रों में डोपिंग को रोकने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उन खिलाड़ियों की संख्या का ब्यौरा क्या है जिनकी वर्ष 2024 में प्रतिबंधित पदार्थों के संबंध में जांच की गई थी तथा भविष्य में इसकी रोकथाम के लिए क्या निवारक उपाय किए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) सरकार ने उच्च-प्रदर्शन प्रशिक्षण केंद्रों पर विशेष ध्यान देते हुए भारतीय खेलों में डोपिंग की रोकथाम के लिए निम्नलिखित पहलें की हैं :

(i) एथलीटों, कोचों और सहायक कर्मियों विशेष रूप से पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों 2024 की तैयारी करने वालों के लिए एक व्यापक डोप-रोधी शिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस पहल में डोप-रोधी नियमों, विनियमनों और परिणामों पर नियमित कार्यशालाएं, सेमिनार और वेबिनार का आयोजन शामिल हैं। वर्ष 2023 में लगभग 220 शैक्षिक कार्यकलाप आयोजित किए गए और वर्ष 2024 में अब तक लगभग 270 शैक्षिक कार्यकलाप आयोजित किए जा चुके हैं।

(ii) वाडा द्वारा विकसित एंटी-डोपिंग एजुकेशन एंड लर्निंग (एडीईएल) मंच को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है, जो हितधारकों को डोप-रोधी उपायों पर विस्तृत ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता हैं। इस मंच पर उपयोगकर्ताओं की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है जो जून 2022 में लगभग 1,412 से बढ़कर नवंबर 2024 तक 9,700 से अधिक हो गए हैं।

(iii) 9 फरवरी, 2024 को आयोजित "रोड टू पेरिस" जैसे कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ), संभावित ओलंपिक एथलीटों और प्रमुख हितधारकों के लिए आयोजित किए गए थे।

(iv) टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के अंतर्गत एथलीटों के लिए नियमित रूप से डोप-रोधी शिक्षा सत्र आयोजित किए गए हैं।

(v) डोप-रोधी शिक्षण और अनुपालन को बढ़ाने के लिए एनएसएफ, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा शैक्षणिक संस्थानों के सहयोगात्मक प्रयास एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित करते हैं।

(vi) सोशल मीडिया अभियान सक्रिय रूप से "नो योर मेडिसिन" (केवाईएम) ऐप और एडीईल को बढ़ावा देते हैं, जिससे एथलीटों को प्रतिबंधित पदार्थों की पहचान करने और अनजाने में होने वाले डोप उल्लंघन को रोकने में सहायता मिलती है।

(vii) शैक्षिक पहलों में टीवी और रेडियो सत्रों, दृश्य-श्रव्य सामग्री और वीडियो के माध्यम से निरंतर अद्यतन जानकारी देना भी शामिल है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मचारियों को नवीनतम नियमों और प्रतिबंधित पदार्थों के बारे में जानकारी मिलती रहे।

(viii) नाडा इंडिया ने डोप-रोधी जागरूकता बढ़ाने के लिए वेबिनार, सेमिनार और प्रतियोगिताओं का आयोजन करके वाडा के प्ले टू डे अभियान में भाग लिया।

(ख) दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार प्रतिबंधित पदार्थों के लिए एथलीटों पर 6119 डोप परीक्षण किए गए हैं। एथलीटों के मध्य डोपिंग की रोकथाम के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा रहे हैं :-

(i) शिक्षा के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना
(ii) नाडा की देशव्यापी उपस्थिति बढ़ाना
(iii) राज्यों के साथ सहयोग स्थापित करना

****